आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार एकांश

देहरादून (उत्तराखण्ड)

शनिवार 05.04.2025

समय 720

**मुख्य समाचार :–**

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाईब्रेट ग्राम कार्यक्रम–के दूसरे चरण को मंजूरी दी।
- चारधाम यात्रा मार्गों की सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के लिए छह हजार से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की तैनाती की जाएगी।
- चारधाम यात्रा के लिए 10 हजार से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया।
- **और...** डीआरडीओ और भारतीय सेना ने मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के चार सफल परीक्षण किए।

**वाईब्रेट ग्राम**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने वाईब्रेट ग्राम कार्यक्रम के दूसरे चरण को मंजूरी दी है। श्री वैष्णव ने कहा कि इस कार्यक्रम से उन ब्लॉकों के गांवों का व्यापक विकास होगा जो अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास होंगे। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य सीमाओं की सुरक्षा के साथ–साथ वहां रहने वालों को जीवनयापन की सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इससे पर्यटन की संभावनाएं भी बढेगी और इन गांवों की स्थानीय संस्कृति को बढावा मिलेगा। वहीं गृह मंत्री अमित शाह ने ने वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के दूसरे चरण को स्वीकृति देने के केंद्रीय मंत्रिमंडल के निर्णय की प्रशंसा की। उन्होंने कहा है कि वायब्रेंट विलेज कार्यक्रम देश के सीमावर्ती गांवों को विकास और वृद्धि के केंद्र में बदलने का एक परिवर्तनकारी माध्यम है। श्री शाह ने कहा कि यह कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं से लगे गांवों को स्थायी आजीविका, उत्कृष्ट जीवन स्तर और सुरक्षा के लिए पर्याप्त सुविधाओं के साथ व्यापक विकास मॉडल में बदल देगा।

**कृमि मुक्ति दिवस**

अल्मोड़ा जिले में आगामी 08 अप्रैल को होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

पर जिले भर में एक साल से 19 वर्ष तक के 1, लाख 18 हजार 4सौ 7 से अधिक बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। अभियान सरकारी और निजी स्कूलों में चलाया जाएगा। विभाग की ओर से इसके लिए स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकर्ताओं को दवा वितरण के लिए प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वहीं रूद्रप्रयाग जिले में 57 हजार 4 सौ 39 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी।

**यूसीसी पोर्टल**

नैनीताल जिला प्रशासन ने यूसीसी पोर्टल पर शादी का पंजीकरण न कराने वाले सरकारी विभागों के कार्मिकों के वेतन भुगतान पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। अपरजिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) फिंचा राम चौहान ने एक आदेश जारी कर जिले भर के सभी कार्यालयाध्यक्षों को प्रत्येक विभाग में कार्मिकों का विवाह पंजीकरण सुनिश्चित कराने के लिए एक–एक नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिए हैं। आदेश में कहा गया है 26 मार्च 2010 के बाद वैवाहिक बंधन में बंधे कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से यूसीसी पोर्टल में शादी का पंजीकरण कराने के लिए प्रेरित करने और पंजीकरण की साप्ताहिक रिपोर्ट एडीएम कार्यालय को उपलब्ध कराएं।

**झोपड़ियों में भीषण**

रुड़की के बुग्गावाला क्षेत्र के गांव बंजारेवाला में कल देर शाम भूसे की झोपड़ियों में भीषण आग लगने से तीन ट्रैक्टर और छह से अधिक झोपड़िया जल कर राख हो गई। सूचना मिलने पर बुग्गावाला पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों

की मदद से करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह मेहर ने बताया कि आग से से तीन ट्रैक्टर, छह भूसे की झोपड़ी जल गई है।

## चारधाम यात्रा सुरक्षा

इस वर्ष चारधाम पूरे यात्रा मार्गों पर छह हजार से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालेंगे। इसके साथ ही चारधाम यात्रा की निगरानी के लिए पहली बार रेंज कार्यालय में कंट्रोल रूम की स्थापना की जा रही है। चारधाम यात्रा की तैयारियों की जानकारी देते हुए पुलिस महानिरीक्षक गढ़वाल रेंज राजीव स्वरूप और यातायात निदेशक एनएस नपलच्याल ने संयुक्त रूप से पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि पहली बार चारधाम यात्रा मार्ग को सुपर 15 जोन, 41 जोन और 137 सेक्टर में विभाजित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक सेक्टर का क्षेत्र 10 किलोमीटर रहेगा और यहां पर पुलिसकर्मी 24 घंटे गश्त और अन्य ड्यूटी करेंगे। बताया कि पूरे यात्रा मार्ग पर छह हजार से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सुरक्षा व्यवस्था व यातायात व्यवस्था संभालेंगे। उन्होंने कहा कि चारधाम यात्रा की निगरानी के लिए पहली बार रेंज कार्यालय में ही कंट्रोल रूम स्थापित किया जा रहा है। इसकी कमान देहरादून के पुलिस अधीक्षक यातायात देहरादून लोकजीत सिंह संभालेंगे।

## सदनों की कार्यवाही

संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके साथ ही संसद का बजट सत्र समाप्त हो गया जो इस वर्ष 31 जनवरी को शुरू हुआ था। अपने समापन भाषण में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बताया कि बजट सत्र के दौरान सदन में 118 प्रतिशत उत्पादकता दर्ज की गई। उन्होंने कहा कि राज्यसभा में 16 विधेयक पारित किये गए। इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राज्यसभा में वक्फ संशोधन विधेयक 2025 पर 17 घंटे से अधिक चर्चा हुई।

## उत्तराखंड नागरिक उड्डयन

चारधाम यात्रा पर आने वाले तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के उद्देश्य से बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति ने देहरादून में हेलीकॉप्टर शटल सेवा और चार्टर हैली सेवा कंपनियों के साथ चर्चा की। बीकेटीसी के मुख्य कार्याधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने बताया कि यात्रा से पहले हैली कंपनियों के साथ बैठक का उद्देश्य सभी आम तीर्थयात्रियों और हेली तीर्थयात्रियों के बीच समन्वय स्थापित करना और सरल व सुगम दर्शन सुनिश्चित करना है। वहीं उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण के दिशा–निर्देश पर आईआरसीटीसी ने केदारनाथ हेली सेवा के टिकटों की ऑनलाइन बुकिंग के लिए वेबसाइट जारी कर दी है। बुकिंग के लिए आठ अप्रैल को दोपहर 12 बजे से पोर्टल खोला जाएगा। हेली बुकिंग के लिए यात्रियों का यात्रा पंजीकरण होना अनिवार्य है।

## चारधाम यात्रा पंजीकरण

चारधाम यात्रा को लेकर देशी–विदेशी श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। चारधाम यात्रा के लिए अब तक 12, लाख 50 हजार से अधिक देशी और 10 हजार से अधिक विदेशी श्रद्धालु चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण करा चुके हैं। चारधाम यात्रा पंजीकरण के नोडल अधिकारी योगेंद्र गंगवार ने बताया कि 20 मार्च से शुरू हुए ऑनलाइन आधार आधारित पंजीकरण के तहत अब तक 12 लाख 50 हजार से अधिक देशी और 10 हजार से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं ने चारधाम यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। उन्होंने बताया कि केदारनाथ यात्रा के लिए सर्वाधिक 3 हजार 6 सौ 74 विदेशी श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया है। बदरीनाथ के लिए 3 हजार से अधिक पंजीकरण हुए है।

## शिव–पार्वती मंदिर के कपाट

पिथौरागढ़ जिले के धारचूला व्यास घाटी के आदि कैलाश स्थित शिव–पार्वती मंदिर के कपाट दो मई को खोले जाएंगे और मई के पहले सप्ताह से इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे। आदि कैलाश विकास समिति अध्यक्ष पुनीत सिंह कुटियाल ने बताया कि ग्राम कुटी में आने वाले ज्योलिंगकांग में स्थित आदि कैलाश में शिव–पार्वती मंदिर के कपाट खोलने के लिए सहमति बन गई है। कपाट खुलने के बाद

आदि कैलाश और ओम पर्वत के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालु और स्थानीय ग्रामीण शिव–पार्वती मंदिर, आदि कैलाश पर्वत, पार्वती सरोवर और गौरी कुंड के दर्शन कर सकेंगे। मंदिर के पुजारी गोपाल सिंह कुटियाल ने बताया कि बीआरओ की 65 आरसीसी ग्रिफ ने गुंजी, नाबी, कुटी आदि कैलाश सड़क से बर्फ हटा दी है। उपजिलाधिकारी मंजीत सिंह ने बताया कि मंदिर के दर्शन के लिए मई के पहले सप्ताह से इनर लाइन परमिट जारी किए जाएंगे।

रक्षा अनुसंधान

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डीआरडीओ तथा भारतीय सेना ने ओडिशा तट पर डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम द्वीप से मध्यम दूरी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल के सेना संस्करण के चार सफल प्रक्षेपण किए। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि मिसाइलों ने हवाई लक्ष्यों पर सटीक निशाना लगाया। मंत्रालय ने कहा कि लंबी दूरी, छोटी दूरी, अधिक ऊंचाई और कम ऊंचाई पर चार लक्ष्यों को भेदने के लिए यह परीक्षण किए गए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सफल परीक्षणों के लिए डीआरडीओ और भारतीय सेना को बधाई दी है।

**नोडल अधिकारी के तैनाती**

राज्य के अस्पतालों के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान की स्थिति का अपडेट लेते हुए मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने सभी अस्पतालों के डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान को एक माह में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने महानिदेशक स्वास्थ्य के कार्यालय में आपदा प्रबंधन के लिए नोडल अधिकारी को तैनात के निर्देश दिए हैं। इसके साथ उन्होंने सभी स्वास्थ्य विभाग को सभी जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों के साथ जिला अस्पतालों की आपदा प्रबंधन रणनीति व वर्किंग प्लान पर बैठक कर इस मुद्दे पर स्वास्थ्य महकमे को सेंसटाइज करने के निर्देश दिए हैं।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

वक्फ बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। नवोदय टाइम्स पत्र का शीर्षक है– वक्फ बिल को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती। इसी ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा लिखता लिखता है – वक्फ बिल का मामला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– वक्फ बिल, ओवैसी व जावेद पहुंचे सुप्रीम कोर्ट।

सरकार ने भाजपा के 18 और नेताओं को दायित्व सौंपा समाचार को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान सामचार पत्र लिखता है– पुनीत और सुभाष सहित भाजपा के 18 और नेताओं को मिले दायित्व।

अमर उजाला लिखता है– सीएम ने 18 और नेताओं को बांटे दायित्व दूसरी सूची जारी। नवोदय टाइम्स ने लिखा है 18 और भातपा नेता बनाये गये दर्जाधारी।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

वक्फ विधेयक की खबर को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से प्रकाशित किया है। दैनिक जागरण पत्र का शीर्षक है– वक्फ विधेयक पर संसद की मुहर, मैराथन बहस, लोकसभा के बाद राज्य सभा ने भी दी मंजूरी, पक्ष में 128 और विरोध में 95 वोट पड़े। इसी ख़बर पर हिंदुस्तान लिखता है – राज्य सभा में भी वक्फ संसांधन बिल पर मुहर। इसी खबर पर अमर उजाला लिखता है– वक्फ पर नया कानून सिर्फ एक कदम दूर, संसद की मंजूरी, राष्ट्रपति की मुहर बाकी।

प्रदेश में कुट्टू के आटे की खबर को भी सभी अखबारों ने प्राथमिकता दी है। दैनिक जागरण लिखता है– दून और हरिद्वार से लिये कुट्टू के आटे के दो सैंपल फेल।

हिन्दुस्तान सामचार पत्र लिखता है– देहरादून में कुट्टू के आठ नमूनों में फंगस मिला।

**अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- उत्तराखंड चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड से चयनित नर्सिंग अधिकारियों को पांच मेडिकल कॉलेज व कैंसर संस्थान में तैनाती दी गई।
- शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने कहा – राजकीय विद्यालयों में आवश्यकतानुसार नये विषय खोले जायेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को राज्य में जलापूर्ति के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिये।
- **और,** चारधाम यात्रा के लिए अब तक 12,लाख आठ हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने पंजीकरण कराया।